महत्वपूर्ण एवं खास

एशियाई खेल (नौकायन): कयाक-4 की 500 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में भारत

जकार्ता (आरएनएस)। भारतीय पुरुष टीम ने 18वें एशियाई खेलों में 11वें दिन बुधवार को कयाक-4 की 500 मीटर पुरुष स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत को अंतिम सूची में नौवां स्थान हासिल हुआ और इस कारण भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

सेल्वाराज एल्बर्ट, अरामबम चिन सिंह, लाइतोनजाम सिंह और बारोई पुरोहित की भारतीय टीम ने हीट-1 में पांचवां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा के हीट-1 में भारतीय टीम ने एक मिनट और 37.549 सेकेंड का समय लिया।

शिमला की सड़कों पर जब बाइक लेकर घूमने निकले धोनी

शिमला। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। इस बीच धोनी एक

विज्ञापन शूट के लिए शिमला पहुंचे। धोनी के साथ उनकी पत्नी साक्षी भी इस शूट के लिए आई हुई हैं। शिमला में हर तरफ बस धोनी के ही चर्चे हैं। धोनी का बाइक प्रेम शिमला में भी देखने को मिला, जब वो अकेले ही बाइक लेकर शिमला की सड़कों पर घूमने निकल गए।

सोशल मीडिया पर कुछ ही देर में धोनी की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गया। धोनी के साथ इस विज्ञापन शूट पर उनकी हेयर स्टाइलिस्ट सपना भावनानी भी नजर आई। इसके अलावा धोनी के अच्छे दोस्त अरुण पांडे भी शिमला में ही हैं। इंग्लैंड में वनडे और टी20 सीरीज के बाद से ही धोनी क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। धोनी ने 2014 के अंत में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और उसके बाद से बस वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच खेलते हैं।

चक्रधर समारोह मे स्थानिया कलाकारों की हो रही उपेक्षा

युवा जनता कांग्रेस ने दिखाए अपने कड़े तेवर और दिया कलेक्टर को ज्ञापन

रायगढ़। हमारे शहर को कला और संस्कारधानी के नाम से जाना जाता है। आज रायगढ़ में जिले का सबसे बड़ा

सास्कृतिक कार्यक्रम चक्रधर समारोह के रूप मे कई वर्षो से किया जा रहा है, जिसमे लाखो रुपये खर्च कर बाहर से कलाकारों को प्रस्तुति के लिए बुलाया जाता है लेकिन सोचने की बात तो यह है कि 10 दिनों तक चलने वाले चक्रधर समारोह मे रायगढ़ के ही कलाकारों की लगातार कई वर्षो से उपेक्षा की जा रही है। इतने बड़े आयोजन से यहाँ के कलाकारों को ही दूर रखा जाता है। इसी लिए रायगढ़ के बहुत से कलाकार जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के विधायक प्रत्याशी विभाष सिंह ठाकुर के पास पहुँचे, और अपनी पीड़ा बताई। तभी विभाष सिंह ठाकुर के निर्देश पर युवा जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष यादव के नेतृत्व मे इस मामले को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

रायगढ़ के कलाकार नित्य के क्षेत्र मे हो या गायन के क्षेत्र मे उन्होंने प्रदेश के साथ साथ पूरे देश मे नाम कमाया है,लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अपने ही क्षेत्र के लोगो को ही इतने बड़े आयोजन मे अपना कला दिखाने का मौका नही दिया जाता।यह रायगढ़ शहर के लिए दुर्भाग्य की बात है।

जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा- जिला प्रशासन को चाहिए कि10 दिनों तक चलने वाले समारोह मे 1 दिन यहा के कलाकारों को अपनी कला दिखाने का मौका देना चाहिए, जिससे उन्हें भी प्रोत्साहन मिले और इसके साथ साथ रायगढ़ के उभरते कलाकारों को भी इस क्षेत्र मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती रहे । क्योंकि जब जिले मे इतना बड़ा आयोजन कला के क्षेत्र मे किया जाता है तो यहां के कलाकारों को भी मौका दिया जाना चाहिए।इस बार होने वाले चक्रधर समारोह मे रायगढ़ की जनता बाहर के कलाकारों के साथ साथ अपने रायगढ़ के भी कलाकारों को चक्रधर समारोह के मंच पर देखना चाहती है।आज ज्ञापन देने वालो मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष आशीष यादव, छात्र संघ अध्यक्ष शुभम सिंह, रितेश अग्रवाल, संदीप श्रीवास, विशाल गुप्ता, दिनेश वैष्णव, दिनश मेहर, भूपेश सिंह, मुनेश पैकरा, मुकेश साहू, मोनू यादव आदि लोग मौजूद थे।

टूटी उंगली के साथ भी भारत के खिलाफ खेलना चाहता है इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो

सोउथेम्पटन। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच गुरुवार (30 अगस्त) से खेला जाना है. इंग्लैंड 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2 टेस्ट मैच जीत चुका है. भारत ने सिर्फ एक ही टेस्ट जीता है. टेस्ट सीरीज की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को यह टेस्ट जीतना जरूरी होगा. वहीं इंग्लैंड चौथे टेस्ट को जीतकर सीरीज पर अपना कब्जा जमाने की पूरी कोशिश करेगा.

इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे हैं. इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो नॉटिंघम में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे. ऐसे में चौथे टेस्ट में उनका खेलना अभी संदिग्ध बना हुआ है, लेकिन बेयरस्टो चोटिल होने के बावजूद खेलना चाहते हैं.

इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि वह बाएं हाथ की उंगली चोटिल होने के बावजूद भारत के खिलाफ साउथम्पटन में चौथे टेस्ट मैच में खेलना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि वह विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर खेलने के लिए फिट हो गए हैं लेकिन वह विकेटकीपिंग भी करना चाहते हैं. बेयरस्टो ने कहा, मेरी उंगली अब ठीक है. निश्चित तौर पर हमें इसकी असली स्थिति बाद में पता चलेगी लेकिन अब सूजन नहीं है और यह बेहतर स्थिति में है. कुछ दिन पहले मैं अपनी जेब में हाथ नहीं डाल पा रहा था लेकिन अब यह पूरी तरह से ठीक है उन्होंने कहा, मैं विकेटकीपिंग करने की कोशिश करूंगा. मैं खेलना चाहता हूं और अगर मैं विकेटकीपिंग नहीं कर पाया तो विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलना चाहता हूं. इसके साथ ही मैं विकेटकीपर के तौर पर भी अपना स्थान बरकरार रखना चाहता हूं.'बेयरस्टो ने कहा, अगर आप आंकड़ों पर गौर करो तो इससे साफ हो जाएगा कि विकेटकीपिंग करने पर मैं बेहतर प्रदर्शन करता हूं. मैं नहीं जानता क्यों.

हैंपशर के बल्लेबाज जेम्स विन्से को भारत के खिलाफ 30 अगस्त से साउथम्पटन में होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिये आज इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में मिल किया गया.

इस साल अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने वाले 27 साल के जेम्स विन्स अच्छी फॉर्म में हैं. उन्होंने पिछले सप्ताह नॉटिंघमशर के खिलाफ 74 और 147 रन बनाए थे. इस सत्र में काउंटी चैंपियनशिप में उनका औसत 56 था. नेशनल चयनकर्ता एड स्मिथ ने पुष्टि की कि विन्स को जॉनी बेयरस्टों के कवर के तौर पर टीम में लिया गया है. बेयरस्टो के बाएं हाथ की बीच की उंगली में फ्रेक्चर है. अगर बेयरस्टो फिट हो जाते हैं तो तब भी उन्हें केवल बल्लेबाज के रूप में टीम में रखा जा सकता है और ऐसी स्थिति में जोस बटलर विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे.

क्या इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू टेस्ट खेलेंगे पृथ्वी शॉ

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। पहले तीन टेस्ट मैच के बाद इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे है। भारत को सीरीज में बने रहने के लिए 30 अगस्त से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सीरीज के आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए टीम इंडिया में दो बड़े बदलाव किए गए थे। मुरली विजय और कुलदीप यादव की जगह पृथ्वी शॉ और हनुमा विहारी को टीम में शामिल किया गया था। चौथे टेस्ट से पहले सोमवार से टीम इंडिया प्रैक्टिस में जुट गई। प्रैक्टिस सेशन का

एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके बाद से कयास लगाया जा रहा है कि पृथ्वी शॉ इस टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं।

पृथ्वी शॉ ने पिछले काफी समय से अपनी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है। आईपीएल से लेकर डोमेस्टिक सीजन और फिर इंडिया-ए के लिए उन्होंने अच्छे रन बनाए।

नोवाक जोकोविच और स्टार खिलाड़ी रोजर फेडरर अगले दौर में पहुंचे

स्विट्जरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अच्छी शुरुआत करते हुए अमेरिकी ओपन के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है. साल के चौथे और अंतिम ग्रैंड स्लैम में पुरुष एकल वर्ग में जहां फेडरर ने जापान के योशिहितो निशिओका को मात दी, वहीं जोकोविक ने हंगरी के मार्टन फुसोविक्स को पराजित किया. 37 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी फेडरर ने योशिहितो को सीधे सेटों में 6-2, 6-2, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जहां उनका सामना फ्रांस के बेनोइट पेरे से होगा.पेरे ने अपने पहले दौर के मैच में ऑस्ट्रिया के डेनिस नोवाक को 7-6 (6), 3-6, 7-5, 7-6 (5), से हराया था. अपने करियर के 14वें ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने की कोशिश में आगे बढ़ रहे जोकोविच ने मार्टन को 6-3, 3-6, 6-4, 6-0 से हराकर बाहर किया. अगले दौर में उनका सामना अमेरिका के टेनीस सैंडग्रीन से होगा।



49 किग्रा फ्लाईवेट के सेमीफाइनल में अमित

जकार्ता (आरएनएस)। भारतीय मुक्केबाज अमित ने 18वें एशियाई खेलों में 11वें दिन बुधवार को पुरुषों की 49 किलोग्राम फ्लाईवेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में कदम रख लिया

है। इस जीत के साथ अमित ने अपने लिए इस स्पर्धा का एक पदक पक्का कर लिया है। अमित ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तरी कोरिया के मुक्केबाज रयोन किम जांग को 5-0 से मात दी। सेमीफाइनल में उनका सामना फिलिपींस के कार्लो पाल्हम से होगा। लेफ्ट और राइट हुक से अपने प्रतिद्वंद्वी पर हमला करते हुए अमित किसी तरह दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस साल आस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता अमित पहले राउंड में अच्छा बचाव करते हुए दूसरे राउंड में जैब और हुक पंचों के साथ हमला शुरू कर दिया। तीसरे राउंड में भी दोनों मुक्केबाज एक-दूसरे को बराबरी की टक्कर दे रहे थे लेकिन अमित ने उत्तरी कोरिया के मुक्केबाज को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल में कदम रखा।

एशियाई खेल (नौकायन): कयाक युगल-1000 मीटर के सेमीफाइनल में भारत

जकार्ता (आरएनएस)। भारत के नाओचा सिंह

और चिंग सिंह की भारतीय जोड़ी ने 18 वें एशियाई खेलों में 11 वें दिन बुधवार को नौकायन में पुरुषों की कयाक युगल-1000 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। नाओचा और चिंग की जोड़ी को इस स्पर्धा की अंतिम सूची में 11 वां स्थान हासिल हुआ।

भारतीय जोड़ी ने हीट-1 में तीन मिनट और 53.449 सेकेंड का समय लेकर स्पर्धा को पूरा करते हुए छठा स्थान हासिल किया था।

कलेक्टर ने किया बाढ़ प्रभावित चिन्हांकित ग्रामों का दौरा

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज सारंगढ़ विकासखण्ड के बाढ़ प्रभावित चिन्हांकित ग्रामों घोठला छोटे एवं भदरा का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने सारंगढ़, बरमकेला के क्षेत्र एवं अन्य बाढ़ प्रभावित चिन्हांकित ग्रामों में अलर्ट जारी किया है। उन्होंने इन तटवर्ती क्षेत्रों में प्रशासनिक टीम को सजग एवं सतर्क रहने तथा बाढ़ आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने इन क्षेत्रों में डॉक्टर की उपस्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया एवं

कहा कि जनसामान्य को आवश्यक दवाई की उपलब्धता होना चाहिए। उन्होंने राहत शिविर की पूर्व तैयारी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने घोठला छोटे के सचिव रूप साय साहू को मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण निलंबित करने के निर्देश एसडीएम को दिए। बातचीत के दौरान ग्रामवासियों ने बताया कि महानदी में जल स्तर बढ़ने के कारण कुछ खेत पानी में डूब गए है। कलेक्टर ने इन क्षेत्रों का मुआयना किया। कलेक्टर ने ग्राम भदरा में मतदान केन्द्रों में बीएलओ एवं अभिविहित अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की।

कृष्ण जन्माष्टमी झूला उत्सव मेला की तैयारी पूर्णता: की ओर

पंडाल के मध्य में विशाल झांकी में विराजेंगे नागलोक के राजा नागराज

रायगढ़। श्री श्याम मंडल द्वारा संजय काम्पलेक्स स्थित श्री श्याम बगीची में आयोजित दिनांक 1 सितंबर से 5 सितंबर 2018 तक चलने वाले 24 वें ऐतिहासिक श्री कृष्ण जन्माष्टमी झूला उत्सव मेला में विशाल झांकियों के निर्माण की सभी आवश्यक तैयारियां अपने चरमोत्कर्ष पर है। कोलकाता के कुमार टोली के मूर्तिकार अपनी कला के द्वारा बेजोड कलाकृतियों का निर्माण कर मूर्तियों को जीवंत रूप में शतरंगी छटाओं के साथ बनाने में जुट गए हैं। जिन्हें निहारकर हर व्यक्ति ऐसा अनुभव कर सकता है, मानों उसने ईश्वर के साक्षात दर्शन कर लिए हों। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को इस वर्ष पंडल के मध्य में 20 बाई 20 के विशाल झांकी में नागलोक के राजा की चिताकर्षक लोक लुभावन झांकी के दर्शन होंगे। श्याम बगीची में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पंखे लगाए जा रहे हैं। पंडाल के भीतर परदों पर अपनी जीवंत कला द्वारा सुंदर साज सज्जा का कार्य अशोक पंचाल द्वारा किया जा रहा है एवं इन सभी झांकियों को व्यवस्थित एवं कलात्मक ढंग से रखने की परिकल्पना का निर्देशन कार्य गुलाब डालमिया एवं श्याम मंडल के सभी सदस्यों द्वारा पूरे मनोयोग से कार्यक्रम की सफलता हेतु जुटे हैं। सभी तैयारियां पूर्णता की ओर है जिसको लेकर रायगढ़ नगर वासियों में हर्षोल्लास एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। पंडाल में विगत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष में श्रद्धालुओं के अपार भीड आने की संभावना के मद्देनजर इस वर्ष भी श्री श्याम मंडल द्वारा पुरुषों एवं महिलाओं हेतु अलग-अलग बेरिकेट्स बनाकर दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर के बाहर दशनार्थियों हेतु नि:शुल्क जूता चप्पल स्टैण्ड एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। श्याम मंडल द्वारा सभी से इस शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में दर्शन कर पुण्य का लाभ अर्जित किए जाने की अपील की गई है।

मोबाइल तिहार में शामिल हुई कलेक्टर

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज संचार क्रांति (स्काई) योजना के तहत ग्राम-कोसीर के अटल समरसता भवन में आयोजित मोबाइल तिहार में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत की एवं मोबाइल चलाने सीखने के लिए कहा। इस मौके पर 386 मोबाइल का वितरण किया गया।

खरसिया मे उमेश का कोई विकल्प नहीं

मॉब लीडर उमेश पटेल की लोकप्रियता पूरी सत्तापक्ष पर भारी

रायगढ़। खरसिया विधानसभा के करीब दो लाख मतदाताओं की उम्मीद का वर्षो पुराना ठिकाना नंदेली हाउस आज भी विपक्षी दल के आंखों की किरकिरी बना हुआ है लेकिन समृद्ध छत्तीसगढ़ की कामना लिये अपना जीवन प्रदेश के उत्थान के लिये होम कर देने वाले लौहपुरुष स्व. नंदकुमार पटेल की शहादत का कर्ज अभी तक खरसिया के लोगों के जेहन मे ताजा है और यही वजह है कि मौजूदा सरकार के तमाम षड़यंत्र और कूटनीति मिलकर भी कभी न तो नंदकुमार पटेल की लोकप्रियता प्रभावित कर सके हैं और न अब विधायक उमेश पटेल की छवि को धूमिल कर सकेंगें। उक्त बयान जिला कांग्रेस प्रवक्ता हरराम तिवारी ने आइएएस ओपी चौधरी को उमेश के सामने चुनौती बनाकर प्रोजेक्ट की जा रही अफवाहों को खारिज करते हुये दिया है। मीडिया मे

जिला कांग्रेस की ओर से जारी अपने बयान मे कांग्रेस प्रवक्ता हरराम तिवारी ने कहा कि उमेश पटेल की राजनैतिक हैसियत खरसिया विधानसभा मे बिल्कुल उसी तरह अजेय योद्धा की है जो छवि अमेठी लोकसभा की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की है। दोनो मे एक समानता यह भी है कि दोनो युवा नेता अपने शहीद पिता के सपनों को पूरा करने राजनीति में हैं। इसलिए यह कहना अतिसंयोक्ति नहीं होगी कि चाहे मोदी लहर हो या दारु वाले बाबा का कहर, अमेठी और खरसिया मे भाजपा की हर चाल उल्टी साबित होगी।